हिन्दुस्तान लखनऊ, बुधवार, 26 जून 2024 08

भाषा विवि और नेपाल की अकादमी के बीच एमओयू

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय एवं नोवेल अकादमी, पोखरा नेपाल के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। दोनों पक्षों ने सांस्कृतिक एवं अकादमिक मूल्य संवर्धन पर सहमति व्यक्त की है। विवि की प्रवक्ता प्रो. रुचिता सुजय चौधरी ने कहा कि पोखरा में अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में गये भाषा विश्वविद्यालय के नोडल अफसर एमओयू डॉ नीरज शुक्ल एवं नोवेल अकेडेमी के सीईओ विश्वेश्वर आचार्य ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

CamScanner

भाषा विवि : सात छात्रों को मिली नौकरी

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि में कैंपस प्लेसमेंट में इंजीनियरिंग संकाय के सात विद्यार्थियों को नौकरी मिली है। वे सभी ब्लुबुक सॉल्यूशन प्रा. लि. कंपनी में अपनी सेवाएं देंगे। इन्हें प्रतिवर्ष छह लाख तक का पैकेज मिलेगा। चयनित विद्यार्थियों में मो. फैसल, दानिश खान, आनंद प्रधान, तनिष्क गुप्ता, अनन रमन, अब्दुल्ला अफजल एवं विवेक यादव शामिल हैं। सभी को कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने शुभकामनाएं दीं। (संवाद)

CS CamScanner

भाषा विवि में विद्यार्थियों को बांटे स्मार्टफोन

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में बुधवार को स्मार्टफोन का वितरण विद्यार्थियों में किया गया। इस कार्यक्रम में परीक्षा नियंत्रक डॉ. भावना मिश्रा, वित्त अधिकारी साजिद आजमी, उप कुलसचिव दीप्ति मिश्रा, उप परीक्षा नियंत्रक डॉ. रहमान और शास्वत शुक्ला उपस्थित रहे। (माई सिटी रिपोर्टर)

CS CamScanner

भाषा विवि : पीजी विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के परिणाम किए गए घोषित

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय सत्र 2023-24 के लिए आयोजित सभी विषयों की विषम परीक्षाओं का परीक्षाफल घोषित कर दिया गया है। परीक्षार्थी विवि की वेबसाइट kmclu.ac.in/results/ पर विस्तृत परीक्षा परिणाम देख सकते हैं। प्रवक्ता डॉ. रुचिता चौधरी ने बताया कि जिन विषयों का परीक्षा परिणाम जारी किया गया है, उसमें एमए अरबी, अर्थशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, अंग्रेजी, भूगोल, इतिहास, गृह विज्ञान, ऊर्दू, हिंदी, पत्रकारिता एवं जनसंचार और एमकॉम, एमसीए, एमटेक, एमबीए, एलएलएम तथा बीए एलएलबी दूसरे सेमेस्टर, पीजी डिप्लोमा (सीएमआई), यूजी डिप्लोमा (अरबी और जीएसटी) और सर्टिफिकेट इन प्रोफिशिएंसी ऑफ फ्रेंच के द्वितीय छमाही के परीक्षा परिणाम शामिल हैं। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी परीक्षा नियंत्रक कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। (संवाद)

CS CamScanner

हिन्दुस्तान
लखनऊ, मंगलवार, 11 जून 2024
06

कैम्पस 30s

भाषा विवि: पीएचडी साक्षात्कार शुरू

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में पीएचडी प्रवेश के लिए साक्षात्कार शुरू हो गए हैं। पीएचडी प्रवेश के लिए लिखित परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों का विषयवार शेड्यूल जारी किया जा चुका है। सोमवार से साक्षात्कार शुरू हो गए। पहले दिन होम साइंस, कम्पयूटर साइंस एण्ड इन्फार्मेशन टेक्नोलॉजी, जर्नलिज्म एण्ड मास कॉम, कॉमर्स एवं अंग्रेजी विषय के चयनित अभ्यर्थियों का साक्षात्कार विशेषज्ञ पैनल ने किया।

CamScanner

हिन्दुस्तान
लखनऊ, गुरुवार, 6 जून 2024

औषधीय पौधे लगाए

1. नवयुग कन्या महाविद्यालय में प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय और एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ. मनमीत कौर सोढ़ी ने औषधीय पौधे लगाए और कैडेट को सम्मानित किया।

2. खुन खुन जी गर्ल्स कॉलेज और एलयू के बायोकेमेस्ट्री विभाग की ओर से ग्रीन क्लीन अर्थ, विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन हुआ।

विश्वविद्यालयों में चर्चा

1. अम्बेडकर विश्वविद्यालय में भूमि पुनर्स्थापन और सूखा लचीलापन विषय पर संगोष्ठी हुई। संगोष्ठी में पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया गया।

2. भाषा विश्वविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण विषय पर एक संगोष्ठी तथा पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने की।

CamScanner

भाषा विवि : पीएचडी प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि ने शनिवार को पीएचडी प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट kmclu.ac.in पर परिणाम देख सकते हैं। प्रवक्ता डॉ. रुचिता चौधरी ने बताया कि रिसर्च एंट्रेंस टेस्ट में कुल 175 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। वहीं प्रवेश के लिए कुल 211 अभ्यर्थियों ने आवेदन फॉर्म भरा था। इसमें 80 ने प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की हैं, इनकी सूची जारी कर दी गई है। साक्षात्कार की सूचना अभ्यर्थियों को वेबसाइट पर दी जाएगी। (संवाद)

अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट lkouniv.ac.in पर आवेदन कर सकते हैं। अलग-अलग पाठ्यक्रमों का आवेदन शुल्क व अन्य सभी जरूरी सूचनाएं विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। समस्या आने पर अभ्यर्थी 0522-4150500 पर संपर्क कर सकते हैं। यहां यूजी स्तर पर विभिन्न पाठ्यक्रमों में 4250 और पीजी के कोर्सों में 5062 सीटें हैं। इसके अलावा कई डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा व सर्टिफिकेट कोर्स भी हैं।

CamScanner